# शिक्षा निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली

## अभ्यास प्रश्न पत्र (सत्र : 2023-2024)

**कक्षा: XII** **विषय: राजनीतिक विज्ञान**

**अवधि : 3 घंटे** **पूर्णांक :80**

DoE, Delhi

### खण्ड-ए (12 अंक)

1. निम्नलिखित घटनाओं को कालानुक्रमिक क्रम में व्यवस्थित कीजिए और सही विकल्प चुनिए:

(i) दूसरी दुनिया का पतन

(ii) इतिहास की सबसे बड़ी गराज-सेल

(iii) अमेरिका के 'वर्ल्ड ट्रेड सेंटर' पर आतंकी हमला

(iv) रुसी क्रांति

a) (ii), (i), (iii), (iv)
b) (i), (ii), (iii), (iv)
c) (ii), (iv), (iii), (i)
d) (iv), (ii), (i), (iii)

2. निम्न में से कौन सा देश संयुक्त राष्ट्र संघ का एक स्थाई सदस्य नहीं है?

a) फ़्रांस
b) जर्मनी
c) चीन
d) रूस

3. 'किसी देश को युद्ध उचित कारणों यानी आत्म-रक्षा अथवा दूसरों को जनसंहार से बचने के लिए ही करना चाहिए' सुरक्षा की परम्परागत अवधारणा से सम्बंधित यह विचार निम्न में से क्या कहलाता है?

a) जल युद्ध
b) शांति युद्ध
c) न्याय युद्ध

d) धर्म युद्ध

4. निम्नलिखित प्रश्न में, कथन (A) के बाद कारण (R)दिया गया है।इन्हें पढ़कर उत्तर के रूप में उचित विकल्प चुनिए:

कथन (A): भारत ने 1974 और 1998 में परमाणु परीक्षण किए ।

कारण (R): राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए यह आवश्यक था।

a) कथन और कारण दोनों सही हैं, और कारण, कथन की सही व्याख्या है।
b) कथन और कारण दोनों सही हैं, लेकिन कारण, कथन की सही व्याख्या नहीं है।
c) कथन गलत है, लेकिन कारण सही है।
d) कथन सही है, लेकिन कारण गलत है।

5. भारत की सुरक्षा रणनीति का तीसरा घटक..................करना है।

a) देश की अंदरूनी समस्याओं से निपटने की तैयारी
b) अपने सुरक्षा हितों को बचाना
c) सैन्य क्षमता को मजबूत करना
d) विकास को बढ़ाना

6. 1962 में चीन ने किस देश पर हमला किया था?

a) नेपाल
b) भारत
c) श्रीलंका
d) पाकिस्तान

7. सूची I को सूची II से मिलाकर सर्वोत्तम उत्तर कोड चुनिए--

| सूची I | सूची II |
|---|---|
| A. गुट निरपेक्ष आन्दोलन का पहला सम्मलेन | (i) 1977 |
| B. चीनी क्रांति | (ii) 1965 |

DoE, Delhi

https://www.evidyarthi.in/

C. भारत पाकिस्तान युद्ध (iii) 1961

D. जनता पार्टी की सरकार (iv) 1949

कोड :

a) A-(iii), B-(i), C(ii), D-(iv)
b) A-(iii), B-(iv), C(ii), D-(i)
c) A-(ii), B-(i), C(iii), D-(iv)
d) A-(iv), B-(ii), C(i), D-(iii)

8. 1954 में किन दो नेताओं ने पञ्चशील घोषणा पर हस्ताक्षर किये?

a) जवाहरलाल नेहरू और जनरल चाऊ एन लाई

b) इंदिरा गांधी और जनरल अयूब खान

c) लाल बहादुर शास्त्री और जुल्फिकार अली भुट्टो

d) इंदिरा गांधी और जुल्फिकार अली भुट्टो

9. 1990 में किस सरकार ने मंडल आयोग की सिफारिशों को लागू किया था ?

a) भाजपा सरकार

b) जनता दल सरकार

c) कांग्रेस सरकार

d) राष्ट्रीय मोर्चा सरकार

10. निम्नलिखित में से कौन सा आतंकी संगठन पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गाँधी की हत्या के लिए जिम्मेदार था ?

a) जैशे मोहम्मद

b) हमास

c) अल कायदा

d) लिट्टे (LTTE)

DoE,Delhi

11. निम्नलिखित प्रश्न में, कथन (A) के बाद कारण (R)दिया गया है।इन्हें पढ़कर उत्तर के रूप में उचित विकल्प चुनिए:

कथन (A): 1991 में आई नई आर्थिक नीतियों की विभिन्न आंदोलनों और संगठनों की तरफ से भरपूर आलोचना हुई ।
कारण (R): बहरहाल इस अवधि में जितनी सरकारें बनीं ,सबने नई आर्थिक नीति पर अमल जारी रखा ।

a) कथन और कारण दोनों सही हैं, और कारण, कथन की सही व्याख्या है।
b) कथन और कारण दोनों सही हैं, लेकिन कारण,कथन की सही व्याख्या नहीं है।
c) कथन गलत है, लेकिन कारण सही है।
d) कथन सही है, लेकिन कारण गलत है।

12. 1989 के बाद अन्य पिछड़ा वर्ग को मिले आरक्षण के समर्थक और विरोधियों के बीच चले विवाद को..........................कहा जाता है ।

a) मदिर मुद्दा
b) मंडल मुद्दा
c) दलबदल मुद्दा
d) शाहबानो मुद्दा

## खण्ड-बी (12 अंक)

13. यूरोपीय संघ की कोई दो सीमाएँ लिखिए ?(पेज-18)
14. पूर्वी पाकिस्तान के बंगला देश बनने के कोई दो कारण लिखिए ?(पेज-33)
15. सुरक्षा नीति  में 'शक्ति संतुलन'का क्या अर्थ है ?(पेज-65)
16. वाम पंथ और दक्षिण पंथ में क्या अंतर है ?(पेज-46)
17. भारत की विदेश नीति के किन्हीं दो तत्त्वों का वर्णन कीजिए ?

DoE,Delhi

18. 1962 के बाद भारत के रक्षा क्षेत्र में आए किन्हीं दो परिवर्तनों को स्पष्ट कीजिए।(पेज-68)

## खण्ड-सी (20 अंक)

19. भारत और नेपाल के बीच सम्न्धों में किन्हीं दो सहयोगों और दो बाधाओं पर प्रकाश डालिए? (पेज-39)

20. संयक्त राष्ट्र संघ की किन्हीं चार एजेंसियों के कार्य बताइए ?

21. "आर्थिक वैश्वीकरण विश्व का पुनःउपनिवेशीकरण है" कथन के पक्ष या विपक्ष में तर्क दीजिए।(पेज 106)

अथवा

वैश्वीकरण के राजनीतिक प्रभावों का संक्षेप में परीक्षण कीजिए।(पेज-104)

22. सन 1975 में राष्ट्रीय आपातकाल की घोषणा के क्या परिणाम हुए ? किन्हीं चार का वर्णन कीजिए।

अथवा

‘1975 के आपातकाल से कई सबक सीखने को मिले' किन्हीं चार का वर्णन कीजिए?

23. "आपातकाल के बाद के दौर में भाजपा एक महत्वपूर्ण शक्ति के रूप में उभरी।" इस दौर में इस पार्टी के विकास क्रम का उल्लेख कीजिए ।

## खण्ड-डी (12 अंक)

24. नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए:

अधिराष्ट्रीय संगठन के तौर पर यूरोपीय संघ आर्थिक, राज नैतिक और सामाजिक मामलों में दखल देने में सक्षम है । लेकिन अनेक मामलों में इसके सदस्य देशों की अपनी विदेश और रक्षा नीति है जो कई बार एक दूसरे के खिलाफ भी होती है। यही कारण है कि इराक पर अमरीकी हमले में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री टोनी उसके साथ थे लेकिन जर्मनी और फ्रांस इस हमले के खिलाफ थे । यूरोपीय संघ के कई नए सदस्य देश भी अमरीकी गठबंधन में थे। यूरोप के कुछ हिस्सों में यूरो को लागू करने के कार्यक्रम को लेकर काफी नाराजगी है । यही कारण है कि ब्रिटेन की पूर्व प्रधानमंत्री मार्ग्रेट थेचर ने ब्रिटेन को यूरोपीय बाज़ार से अलग रखा।

DoE, Delhi

24.2 निम्नलिखित में से कौन सा देश अब यूरोपीय संघ का सदस्य नहीं है?

a) फ्रांस
b) जर्मनी
c) ब्रिटेन
d) इटली

24.1 यूरोपीय संघ की स्थापना………………में हुई।

a) 1990
b) 1992
c) 1994
d) 1996

24.3 यूरोपीय संघ के किस देश ने यूरोपीय मुद्रा यूरो को मानने का प्रतिरोध किया ?

a) फ्रांस
b) जर्मनी
c) स्वीडन
d) इटली

24.4 निम्नलिखित में से यूरोपीय संघ किस मामले में आपसी सहमति नहीं बना सका?

a) अपनी मुद्रा
b) अपना झंडा
c) अपना संविधान
d) अपना स्थापना दिवस

25. भारत के दिए गए रेखा राजनीतिक मानचित्र में, चार राज्यों को (A), (B), (C) और (D) के रूप में चिह्नित किया गया है। नीचे दी गई जानकारी के आधार पर इन राज्यों को पहचानिए और उनके

DoE, Delhi

सही नाम अपनी उत्तर पुस्तिका में संबंधित क्रम संख्या और संबंधित अक्षरों के साथ दिए गए प्रारूप में लिखिए:

(i) कर्पूरी ठाकुर से सम्बंधित राज्य

(ii) लालबहादुर शास्त्रीसे सम्बंधित राज्य

(iii) एस.निजलिंगप्पासे सम्बंधित राज्य

(iv) वी.वी.गिरी से सम्बंधित राज्य

| क्रम संख्या | सम्बंधित वर्णमाला का अक्षर | राज्य का नाम |
|---|---|---|
| (i) | | |
| (ii) | | |
| (iii) | | |
| (iv) | | |

DoE, Delhi




नोट:निम्नलिखित प्रश्न संख्या 25 के स्थान पर दृष्टिबाधित अभ्यर्थियों के लिए हैं।निम्नलिखित के नाम बताइए:

(i) राज्य जहाँ से कर्पूरी ठाकुर सम्बंधित थे


(ii) राज्य जहाँ से लालबहादुर शास्त्री सम्बंधित थे

(iii) राज्य जहाँ से एस.निजलिंगप्पा सम्बंधित थे

(iv) राज्य जहाँ से वी.वी.गिरी सम्बंधित थे

https://www.evidyarthi.in/

26. दिए गए कार्टून का अध्ययन कीजिए और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :




1) इस कार्टून में किस पार्टी के लिए उम्मीदवार चुना जा रहा है?

2) कार्टून में दिखाए गए किसी एक नेता को पहचानिए?

3) 1951 के चुनावों में कांग्रेस की क्या भूमिका थी?

नोट: प्रश्न संख्या 26 के स्थान पर निम्नलिखित प्रश्न दृष्टिबाधित अभ्यर्थियों के लिए हैं।

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए--

1) वर्ष 1952 में भारत के प्रधानमंत्री कौन चुने गए थे ?

2) इस समय भारत के राष्ट्रपति कौन थे ?

3) पहले तीन चुनावों में किस पार्टी की जीत हुई ।

4) पहले आम चुनावों में कौन सी पार्टी दूसरे नंबर पर रही ?

## खण्ड-ई(24 अंक)

27. सोवियत संघ के पतन के भारत पर पड़ने वाले किन्हीं तीन प्रभावों का संक्षिप्त वर्णन कीजिए ?

अथवा

सोवियत प्रणाली की प्रमुख विशेषताओं का वर्णन  कीजिए?

28. वर्तमान सन्दर्भों में 'संसाधनों की भूराजनीति' को संक्षेप में स्पष्ट कीजिए?

अथवा

"पृथ्वी को बचाने के लिए जरुरी है कि विभिन्न देश सुलह और सहकार की नीति अपनाएं।" पर्यावरण के सवाल पर उत्तरी और दक्षिणी देशों के बीच जारी वार्ताओं की रोशनी में इस कथन की पुष्टि करें।

29. "स्वतंत्र भारत अनेक समस्याओं और चुनोतियों से घिरा हुआ था ।" किन्हीं तीन सहायक बिंदुओं की सहायता से वाक्य की व्याख्या कीजिए।

अथवा

"स्वतंत्र भारत में रजवाड़ों के विलय की समस्या कोई साधारण समस्या नहीं थी" कोई तीन उदाहरण देकर कथन की पुष्टि कीजिए।

30. "कश्मीर की क्षेत्रीय स्वायत्तता के अलग-अलग पक्ष हैं।" किन्हीं तीन बिन्दुओं के साथ कथन की समीक्षा कीजिए।

अथवा

भारत के विभिन्न भागों से उठने वाली किन्हीं तीन क्षेत्रीय मांगों का संक्षिप्त वर्णन कीजिए ।

DoE,Delhi

https://www.evidyarthi.in/